કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Email : ms-ankleshwar.gj@esic.nic.in

क.रा.बी.नि.
E.S.I.C

सत्यमेव जयते

ક.રા.બી.નિ હોસ્પિટલ, અંકલેશ્વર,
પ્લોટ નં.H3012, 500 ક્વાટર પાસે,
અંકલેશ્વર, જિ. ભરૂચ
क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लाट स. H3012,
500 क्वाटर के पास, अकलेश्वर, जो.भरूच
ESIC Hospital, Plot No. H3012, Nr. 500 Quarters, Ankleshwar, Dist. Bharuch
Website : www.esic.gov.in

फ़ाइल सं.: 375/अ/49/2025/क.रा.बी.नि./अंक/रा.भा. दिनांक: /09/2025

## 'राजभाषा पखवाड़ा–2025'
## परिपत्र

**विषय: राजभाषा हिंदी पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत विभिन्न आयोजित की जानेवाली प्रतियोगिता के संबंध में सामान्य नियमावली एवं दिशा निर्देश के संबंध में।**

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है **प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष 2025 भी राजभाषा हिंदी पखवाड़ा–2025** दिनांक **14.09.2025 से दिनांक 29.09.2025** तक एवं **राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह दिनांक 29 सितंबर 2025** को **क.रा.बी.निगम** अस्पताल, अंकलेश्वर, गुजरात–393002 में किया जाएगा।

**पखवाड़े के दौरान हिंदी टिप्पण एवं आलेखन, मसौदा लेखन, पत्राचार आदि अधिक से अधिक हिंदी में किए जाए तथा प्रत्येक पत्रादि के शीर्ष में 'राजभाषा पखवाड़ा-2025' अवश्य अंकित किया जाए।**

हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित होनेवाली समस्त प्रतियोगिताओं के संबंध में संबंधित दिशा–निर्देश निम्न अनुसार होंगे:–

1. **प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी संलग्न प्रारूप में अपना नाम एवं भाग लेनेवाली प्रतियोगिता की सूचना राजभाषा शाखा में दिनांक 10.09.2025 (बुधवार) समय: दोपहर 3.00 बजे तक ई मेल/व्यक्तिगत रूप से जमा करवाए। इसके बाद प्राप्त आवेदन पर किसी भी तरह से कोई भी विचार नहीं किया जाएगा। सभी इच्छुक प्रतिभागियों से यह अपेक्षित है कि अपने रेपोर्टिंग अधिकारी से आवेदन अग्रेषित करवाने कि ज़िम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी|**

2. मूल्यांकन के दौरान अन्य बातों के साथ साथ भाषा की शुद्धता, विषयवस्तु, लेखन-शैली, लिखावट इत्यादि पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

3. इन प्रतियोगिताओं के संबंध में मूल्यांकनकर्ता/निर्णायक का निर्णय मान्य होगा एवं परिणाम की घोषणा के उपरांत किसी भी तरह के पुनर्मूल्यांकन आवेदन, शिकायत एवं चुनौती इत्यादि पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. विजेता प्रतिभागियों को राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह दिनांक 29 सितंबर 2025 को समुचित पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

5. इस परिपत्र को कृपया सभी के ध्यान में लाया जाए एवं सभी शाखा अधिकारियों/शाखा प्रभारियों से अनुरोध हैं कि वे अपने सभी इच्छुक प्रतिभागी/कर्मचारियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए यथा समय प्रतियोगिता स्थल: सम्मेलन कक्ष 284 (द्वितीय तल),**क.रा.बी.निगम** अस्पताल, अंकलेश्वर में उपस्थिति दर्ज करवाएँ।

6. प्रतियोगिता के दौरान आपको दी जानेवाली परीक्षा कॉपी/पेपर में आपको जारी रोल नंबर संख्या ही अंकित करनी है। परीक्षा कॉपी/पेपर में अपना नाम, पदनाम एवं कर्मचारी आईडी संख्या का उल्लेख न करें अन्यथा दंड के रूप में कुल प्राप्त अंकों में से 05 अंकों कि कटौती की जाएगी।

7. राजभाषा पखवाड़ा – 2025 के अंतगर्त आयोजित प्रतियोगिताओं के संबंध में चिकित्सा अधीक्षक महोदय द्वारा अनुमोदित पेपर सेट एवं निर्णायक समिति सदस्यों द्वारा प्रतियोगिताओं के लिए प्रश्नों/विषयवस्तुओं को निर्धारित किया गया है जिनका विवरण निम्न अनुसार है:-

| क्र.सं | प्रतियोगिता का नाम | तारीख | समय अवधि | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी तथा हिंदीतर भाषी ) (अधिकतम शब्द सीमा 500 शब्दों में) | 17.09.2025 | 60 मिनट | (i) रु.1800/- प्रथम पुरस्कार<br>(ii) रु.1500/- द्वितीय पुरस्कार<br>(iii) रु.1200/- तृतीय पुरस्कार<br>(iv) रु. 500/- प्रोत्साहन पुरस्कार<br>(v) रु. 500/- प्रोत्साहन पुरस्कार |
| 2 | राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता (हिंदी तथा हिंदीतर भाषी ) | 19.09.2025 | 60 मिनट | (i) रु.1800/- प्रथम पुरस्कार<br>(ii) रु.1500/- द्वितीय पुरस्कार<br>(iii) रु.1200/- तृतीय पुरस्कार<br>(iv) रु. 500/- प्रोत्साहन पुरस्कार<br>(v) रु. 500/- प्रोत्साहन पुरस्कार |
| 3 | हिंदी टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता (हिंदी तथा हिंदीतर भाषी ) | 23.09.2025 | 60 मिनट | (i) रु.1800/- प्रथम पुरस्कार<br>(ii) रु.1500/- द्वितीय पुरस्कार<br>(iii) रु.1200/- तृतीय पुरस्कार<br>(iv) रु. 500/- प्रोत्साहन पुरस्कार<br>(v) रु. 500/- प्रोत्साहन पुरस्कार |
| 4 | हिंदी वाक प्रतियोगिता (हिंदी तथा हिंदीतर भाषी ) | 25.09.2025 | 05 मिनट | (i) रु.1800/- प्रथम पुरस्कार<br>(ii) रु.1500/- द्वितीय पुरस्कार<br>(iii) रु.1200/- तृतीय पुरस्कार<br>(iv) रु. 500/- प्रोत्साहन पुरस्कार<br>(v) रु. 500/- प्रोत्साहन पुरस्कार |

*** प्रत्येक प्रतियोगिता में अन्य सभी पुरस्कारों की भांति प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्ति हेतु न्यूनतम 33% उत्तीर्णांक अर्जित करने अनिवार्य होंगे।**

**प्रतियोगिता स्थल: सम्मेलन कक्ष (कमरा सं. 284), द्वितीय तल, क.रा.बी.निगम अस्पताल, अंकलेश्वर**

**प्रतियोगिता का समय : दोपहर 2.00 बजे से 4.00 तक।**

हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित होनेवाली समस्त प्रतियोगिताओं के लिए समय समय पर जारी नियम एवं शर्तें मुख्यालय द्वारा प्रदान किए गए निर्देश अनुसार लागू होगी एवं इस हेतु आप क.रा.बी.निगम अस्पताल, अंकलेश्वर की कार्यालयी वैबसाइट https://ankleshwarhospital.gov.in जाकर भी प्राप्त कर सकते हैं।

यह पत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया हैं।

Digitally signed by
KUMAR KUNJAN
Date: 04-09-2025
12:33:45

**(कुमार कुंजन)**
**उप निदेशक - राजभाषा प्रभारी**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. चिकित्सा अधीक्षक/सहायक चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.नि. अस्पताल अंकलेश्वर।
2. समस्त सहायक निदेशक एवं शाखा अधिकारी वित्त/अतिविशिष्ट/सामान्य/नकद/प्रशासन/मेडिकल स्टोर/पीएमडी, क.रा.बी.नि. अस्पताल अंकलेश्वर।
3. समस्त अधिकारी/कर्मचारीयों को सूचनार्थ।
4. नोटिस बोर्ड एवं कार्यालय प्रति।
5. क.रा.बी.नि. अस्पताल अंकलेश्वर की वेबसाइट पर उपलोड करने हेतु।